हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, शनिवार 24 मई 2025

तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

11 एक ही पेड़ से ले रहे दोहरी फसल का लाभ, महुआ ..



12 सेना ने सीमा पार जाकर आतंक के गढ़ को ...





## खबर संक्षेप

### बैंक में घुसा सर्प, रेस्क्यू कर निकाला गया



**मैनपुर।** नगर स्थित पंजाब नेशनल बैंक में जब नागराज घुसा तो वहां कार्य करने वाले अधिकारी, कर्मचारी और लोगों में हडकंप मच गई। तत्काल इसकी सूचना वन विभाग को दिया गया, वन विभाग के कर्मचारी द्वारा चार घंटे मेहनत करने के बाद सर्प को सुरक्षित बाहर निकाल गया और जंगल में छोड़ा गया। मिली जानकारी के अनुसार तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर के हृदय स्थल पंजाब नेशनल बैंक में शुक्रवार सुबह नाग सर्प घुस गया काफी लम्बा नाग सर्प की फूंकार से बैंक में कार्य करने वाले कर्मचारी डरे सहमे नजर आए और इसकी जानकारी वन विभाग को दिया गया। वन विभाग से रोमेश बन्छौर ने बैंक पहुंचकर सर्प को सुरक्षित तरीके से रेस्क्यू कर पकड़ा और जंगल में सुरक्षित छोड़ा। तब कहीं जा कर बैंक के कर्मचारियों राहत की सांस ली।

### ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक होगी आज

**छुरा।** ब्लाक कांग्रेस कमेटी की बैठक 24 मई को दोपहर 3 बजे सामुदायिक भवन रसेला में रखा गया है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बालमुकुंद मिश्रा ने कहा कि कुडेरादादर, रसेला सेक्टर के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बेठक में भाग लेंगे।

### चाकू लहराकर डराने वाला गिरफ्तार

**महासमुंद।** सरायपाली के देशी शराब दुकान के पास चाकू लेकर लोगों को डराने-धमकाने वाले एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और चाकू लहराते हुए लोगों को डरा धमका रहा राज बारिक ऊर्फ राजकुमार (23) को पकड़ा।

### कार की टक्कर से बाइक चालक घायल

**महासमुंद।** सांकरा थाना क्षेत्र में कार की टक्कर से बाइक चालक को चोटें आई है। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार ग्राम भतकुंदा निवासी तेजराम बर्मन (53) ने बताया कि वह 22 मई को बिना नम्बर की बाइक में बैठकर किराना सामान खरीददारी करने सांकरा जा रहा था। लक्ष्मी मेडिकल के सामने पुराना एनएच -6 के पास पहुंचा करीब 4 बजे विपरीत दिशा से एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि हादसे में पीठ, कोहनी के नीचे और कमर में चोट आई है।

### मारपीट, गला दबाकर जान से मारने की कोशिश

**महासमुंद।** पुरानी रंजिश के चलते परिवार में विवाद, गाली-गलौज और मारपीट करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार ग्राम खरोरा निवासी खेमनदास ढीढी ने बताया कि 19 मई की शाम करीब 7:30 बजे मेरे घर आकर झम्मन ढीढी ने पुरानी रंजिश को लेकर मुझे व बेटी दीपिका ढीढी के साथ गाली-गलौज कर जान की धमकी देते हुए मारपीट की। उन्होंने गला दबाकर जान से मारने की कोशिश की।

### कारागुला में भीमसेन एकादशी मेला 6 को

**नर्रा।** बागबाहरा विखं के अंतिम छोर ओडिशा सीमा से लगे आदिवासी बाहुल ग्राम कारागुला में प्रति वर्ष के भांति इस वर्ष भी 6 जून शुक्रवार ज्येष्ठ शुक्ला पक्ष को भीमसेनी एकादशी मेला का आयोजन किया गया। यहां पर विराजित महाभारत काल के पांचों पांडव में भीम सेन, अर्जुन, युधिष्टिर समेत माता कुंती, द्रोपती, नकुल व सहदेव इत्यादि की प्रतिमाएं स्थापित है।

# 6500 आवास के लिए 33 आवास मित्र, एक मित्र के जिम्मे 197 घर

## आवास मित्रों की कमी से अटका निर्माण कार्य, हितग्राही परेशान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ छुरा

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रधानमंत्री आवास के कार्य पूरे क्षेत्र में तेजी के साथ चल रहा है वर्तमान में लगभग 6500 आवास स्वीकृति है एवं इनको जिओ टेकिंग, निर्माण देखने के लिए आवास मित्र कि नियुक्ति की गई है, किंतु 74 ग्राम पंचायत और लगभग 105 गांव के लिए मात्र 33 आवास मित्र है जिससे आवास निर्माण के कार्य काफी धीमी गति से चल रही है साथ ही साथ-साथ अन्य प्रकार के मॉनिटरिंग नहीं होने से लगातार शिकायत प्राप्त हो रही है। प्रधानमंत्री आवास अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति ओबीसी के अलावा प्रधानमंत्री जन मन के तहत विशेष जनजाति कमार, भुंजिया के लिए भी आवास निर्माण का कार्य चल रहा है इसे भी लगातार निगरानी की जरूरत है, साथ-साथ सुशासन तिहार में भी लगातार आवास की मांग को लेकर आवेदन प्राप्त हो रहे हैं जिसे क्रियान्वयन करने की आवश्यकता है किंतु आवास मित्र नहीं होने की वजह से आवास निर्माण नहीं होने की शिकायत लगातार मिली है, इसके अलावा सुशासन तिहार में लगभग 16000 आवास के और आवेदन पत्र आए हैं, इन आवेदनों का परीक्षण किया जाएगा और आवेदन पात्र होते ही आवास प्रदान किया जाएगा। कुल मिलाकर प्रदेश में सरकार का 2028 तक के जितने भी प्राप्त आवेदन है सभी को आवास प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया है इसके लिए सबसे महत्वपूर्ण यह है।

### पर्याप्त समय नहीं

कि इन्हें सतत मॉनिटरिंग की आवश्यकता है किंतु उनके के लिए रोजगार सहायक जिनके सहयोगी होता है किंतु उनके पास भी रोजगार गारंटी योजना के अलावा अन्य जिम्मेदारी होने की वजह से वहां पर्याप्त समय नहीं प्रदान कर पाते हैं यह आवास मित्रों की जिम्मेदारी है किंतु पर्याप्त मात्रा में आवास मित्र नहीं होने की वजह से कार्यों में लगातार शिकायत मिली है।




### जिला कार्यालय से की गई है आवास मित्र की मांग

इस संबंध में जनपद पंचायत के सीईओ सतीश चंद्रवंशी ने कहा की आवास के कार्य चल रहे हैं उनके लगातार देखने की आवास मित्र की आवश्यकता होती है। जनपद क्षेत्र में आवास मित्र की संख्या काफी कम है और आवास मित्र की मांग के लिए जिला कार्यालय से की गई है, ताकि सतत निगरानी हो सके।

## आग : आसपास सहित अन्य शहरों से पहुंचे दमकल वाहन ने रात भर आग बुझाई

# गौशाला में लगी आग से लाखों का नुकसान, 458 गौवंशों की बची जान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नवापारा-राजिम

शहर के गोपाल गौशाला में गुरूवार की रात आगजनी की एक बड़ी घटना हो गई। इस घटना में गौशाला के 458 गौवंश तो बच गए परंतु इनके लिए दीपावली तक का रखा हुआ लाखों रुपए का चारा स्वाहा हो गया। महानदी और मुक्तिधाम-कब्रिस्तान के बीच यह गौशाला 88 साल पुराना है। 1937 से यह गौशाला संचालित है। जानकारी के मुताबिक रात करीब 9 बजे एकाएक गौशाला के दूसरे हिस्से में रखे हुए चारा में आग की लपटें देखी गई। आग की लपटें देखते ही देखते विकराल रूप ले ली। 9 बजकर 18 मिनट में वहां से गुजर रहे पूर्व पार्षद सिंटु सौरभ जैन ने इस दृश्य को देखा और फौरन बिना देर किए गौशाला के अध्यक्ष गिरधारी अग्रवाल को फोन लगाकर बताया। श्री अग्रवाल तत्काल गौशाला पहुंचे तब तक आग की लपटें फैलने लगी थी। हालांकि लोगो की भीड़ वहां लग गई थी। जिनके हाथ में जो बाल्टी और मग्गा था वे आग



को बुझाने के लिए जीजान से लगे हुए थे। ईधर फायर ब्रिगेड के लिए कॉल किया गया तो पता चला कि उसमें कुछ तकनीकी खराबी है फिर तो राजिम,आरंग, नया रायपुर, अभनपुर, कुरूद, ▸▸ शेष पेज 10 पर

### टैंकर से बाल्टियों में पानी भर बुझाई गई आग

आग लगने का कारण किसी को ज्ञात नही हो पाया। शार्ट सर्किट की घटना नही है क्योंकि वायरिंग वहां तक है नही। गौशाला के अध्यक्ष गिरधारी अग्रवाल ने बताया कि स्टोर रूम में रखे लाखों रुपए का चारा, जिसमें बड़ी मात्रा में पैरा और कट्टी शामिल था जो आग की चपेट में आ गया। बताया गया है कि नगर पालिका का पानी टैंकर मौके पर पहुंची, लेकिन उसमें मोटर न लगा होने के कारण पानी का छिड़काव संभव नहीं हो सका। परंतु इस संकट की घड़ी में नगरवासियों ने अद्भुत एकजुटता और साहस का परिचय देते हुए घरों से बाल्टियां, मग और अन्य बर्तन लेकर पहुंचे। टैंकर से बाल्टियों में पानी भर-भरकर आग बुझाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। जिसमें सभी समुदायों के लोग युवा, बुजुर्ग, पुरुष महिलाएं आग पर काबू पाने के लिए काफी मेहनत की। उनकी इस सामूहिक कोशिश से आग पर काफी कुछ हद तक नियंत्रण पाया जा सका। भीड़ में खड़े नगरवासियों ने फायर ब्रिगेड की गाड़ी खराब होने और टैंकर में मोटर न होने पर अपनी नाराजगी जता रहे थे। कह रहे थे कि इतने बड़े निकाय में आपातकालीन सेवाओं की स्थिति चिंताजनक है। इस आगजनी की घटना ने स्थानीय प्रशासन को एक तरह से भविष्य के लिए आगाह किया है कि आपदा प्रबंधन के लिए बेहतर संसाधन और रखरखाव बेहद जरूरी है। गौशाला समिति ने आगामी दिनों के लिए बारिशकाल को देखते हुए चारे की व्यवस्था के लिए जनमानस से अपील की है।

## सीएमएचओ व उनकी बहन के खिलाफ कर्मचारियों का मोर्चा




हरिभूमि न्यूज ▸▸ गरियाबंद

गरियाबंद में कार्यरत डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मचारियों ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गार्गी यदु और उनकी बहन रचना यदु के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। आरोप है कि रचना यदु, जो तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम में संविदा काउंसलर के रूप में कार्यरत हैं, अस्पताल में अपने पद का दुरुपयोग कर कर्मचारियों पर धौंस जमाती हैं।

इस मामले में 60 से अधिक स्वास्थ्य कर्मियों ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और उनकी बहन के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए जिला प्रशासन को लिखित शिकायत सौंपी है। शिकायत में चेतावनी दी गई है कि यदि 48 घंटे के भीतर दोनों को गरियाबंद से नहीं हटाया गया, तो अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार किया जाएगा। कर्मचारियों का आरोप है कि रचना यदु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी की बहन होने के नाते 'सुपर बॉस' की तरह व्यवहार करती हैं और अस्पताल में कार्यरत डॉक्टरों और परामर्शदाताओं को अपमानित करती हैं। साथ ही, यह भी आरोप लगाया गया है कि अस्पताल में भर्ती मरीजों को भी बिना कारण छुट्टी नहीं दी जा रही है। सोशल मीडिया पर भी इस मुद्दे को लेकर तीखी प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं। जिले के नागरिक इस कथित पद के दुरुपयोग और स्वास्थ्य सेवाओं पर इसके प्रभाव को लेकर नाराजगी जता रहे हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए कर्मचारियों ने स्पष्ट रूप से कहा है कि यदि प्रशासन ने समय रहते उचित कार्रवाई नहीं की, तो आपातकालीन सेवाओं को छोड़कर अन्य सभी सेवाओं का बहिष्कार किया जाएगा। अब देखना यह होगा कि जिला प्रशासन इस अल्टीमेटम के बाद क्या कदम उठाता है।

## स्वास्थ्य केंद्र शोभा को मिला जनरेटर अब मरीजों को नहीं होगी परेशानी




हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर से 22 किलो मीटर दूर दूरस्त वनांचल में बसा ग्राम शोभा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में जनरेटर नहीं होने के कारण मरीजों और अस्पताल में डॉक्टर तथा कर्मचारियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था और तो और वनांचल क्षेत्र में बसे होने के कारण आए दिनो यहां बिजली के लाईन में फाल्ट आने से रात-रात भर अंधेरे में ग्रामीणों को रहना पड़ता है। ऐसे में मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। गरियाबंद ▸▸ शेष पेज 10 पर

## मलेवा अंचल भाजपा मंडल की नई कार्यकारिणी घोषित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रसेला

मलेवा अंचल भाजपा मंडल के स्थानीय मंडल में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं संगठन महामंत्री पवन साय की अनुमति और जिला अध्यक्ष अनिल चन्द्राकार के सहमति से मलेवा अंचल का कार्यसमिति घोषित की गई है। मंडल अध्यक्ष शिवशंकर जयसवाल, विशेष आमंत्रित सदस्य 17 लोगों को जिसमें सांसद, पूर्व विधायक, जिला अध्यक्ष , जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जनपद सदस्य के साथ पार्टी के कर्मठ एवं वरिष्ठ सदस्य लोगों को स्थायी आमंत्रित सदस्य बनाया गया है। वहीं 4 उपाध्यक्ष और 2 महामंत्री, 4 मंत्री, कोषाध्यक्ष के साथ सोशल मीडिया प्रभारी भी चुने गए हैं। महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देते हुए टीम में महिलाओं को स्थान मिला है। उपाध्यक्ष पद पर टंकेश्वर सोरी, मोती दीवान, रोहित जगत, दुरपती नेताम, महामंत्री ईश्वर वर्मा, नारायण सिन्हा वहीं मंत्री भुवेन्द्र मरकाम,टिकेश्वरी कोमर्रा, ललिता कंवर, पुजा चौहान, कोषाध्यक्ष गैंदालाल दीवान और सोशल मीडिया प्रभारी परमेश्वर यादव को बनाया गया है। मंडल अध्यक्ष शिवशंकर जयसवाल ने कहा कि नई कार्यकारिणी पार्टी की नीतियों के अनुरूप काम करेंगी। महामंत्री ईश्वर वर्मा ने कहा कि सभी पदाधिकारी ▸▸ शेष पेज 10 पर

## झमाझम बारिश से खेतों में धान की फसल खराब, किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर सहित क्षेत्र में शुक्रवार को दोपहर 12 बजे से झमाझम बारिश से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। भीषण गर्मी के बीच लगातार झड़ीनुमा और बीच-बीच में झमाझम बारिश हो रही है गरज चमक के साथ आंधी तूफान भी चल रहा है जिससे गर्मी से राहत मिली है तो वहीं दूसरी ओर झमाझम अचानक हुई बारिश से किसान बेहद परेशान हो गए हे रबी धान और मक्का की फसल पक चुका है किसान धान और मक्का की कटाई कर रहे है लेकिन बारिश के चलते धान और मक्का की खेतो में पड़े-पड़े खराब हो रहे ▸▸ शेष पेज 10 पर



## जिले में सुशासन तिहार के तहत समाधान शिविर आयोजित

# त्वरित समाधान ही सुशासन का प्रतीक : प्रभारी सचिव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गरियाबंद

- कोचवाय क्लस्टर के 4680 आवेदनों का हुआ सफल निराकरण
- हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ, दिव्यांगजनों को ट्राइसिकल वितरित

जिले में सुशासन तिहार के तीसरे चरण के अंतर्गत ग्राम कोचवाय में शुक्रवार को जिला स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर अपनी समस्याओं और आवेदनों के निराकरण की जानकारी प्राप्त की। प्रभारी सचिव हिमशिखर गुप्ता, कलेक्टर बीएस उइके, एसपी निखिल राखेचा सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए थे, जहां आमजन को योजनाओं की जानकारी दी गई और मौके पर ही कई लाभ प्रदान किए गए। कोचवाय क्लस्टर अंतर्गत कुल 4680 आवेदनों ▸▸ शेष पेज 10 पर






### योजना का लाभ पात्र व्यक्ति तक पहुंचे : लालिमा

इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष लालिमा ठाकुर, **DFO** लक्ष्मण सिंह, **CEO** जिला पंचायत जी.आर. मरकाम, **SDM** ऋषा ठाकुर, **CEO** जनपद केएस नागेश, सहित अनेक अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि व ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कलेक्टर बीएस उइके ने शिविर में राज्य सरकार द्वारा शुरू किए गए सुशासन तिहार की विस्तृत जानकारी दी और बताया कि यह पहल शासन की पारदर्शिता और संवेदनशीलता की मिसाल है। उन्होंने कहा कि पहले चरण में प्राप्त आवेदनों का परीक्षण कर दूसरे चरण में उनका समाधान किया गया है और तीसरे चरण में परिणाम धरातल पर दिखने लगे हैं। जिला पंचायत उपाध्यक्ष लालिमा ठाकुर ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि शासन की हर योजना का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचे और समाधान शिविर इसी दिशा में एक सशक्त कदम है। शिविर में उमड़ी भीड़ और मौके पर हुए त्वरित निराकरण से लोगों में खासा उत्साह देखा गया। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि सरकार की यह कोशिश वास्तव में जमीनी स्तर पर बदलाव ला रही है।

## बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थाना प्रभारी ने बैठक लेकर दिए दिशा निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर

देवभोग पुलिस ने आज बैंको के ब्रांच मैनेजर और अधिकारियों की बैठक ली। जिसमें उन्होंने बैंकों में अलार्म, गार्ड, कैमरों को दुरस्त करने का आग्रह किया। इस दौरान थाना प्रभारी फैजल हुदा ने कहा कि, साइबर फ्रॉड के मामलों में पुलिस के सहयोग से लोगों के पैसे वापसी दिलाने मदद मिल सकती है। बैंक के ब्रांच मैनेजरों को पुलिस के साथ समन्वय स्थापित कर नवीन कार्य योजना तैयार कर ठगी सहित अन्य प्रकरणों में कार्य करते हुए जानकारियों का त्वरित आदान-प्रदान कर अपराधों को रोकने, पुलिस ▸▸ शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप



### छाबड़ा ने संभाला अल्पसंख्यक आयोग अध्यक्ष का पदभार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ अल्पसंख्यक आयोग के नए अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा ने गुरुवार को अपना पदभार डिप्टी सीएम विजय शर्मा की उपस्थिति में संभाला। मेडिकल कॉलेज के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में विजय शर्मा ने कहा, कुछ पद से लोग सुशोभित होते हैं परंतु अमरजीत छाबड़ा जैसे कर्मशील व्यक्ति से यह पद सुशोभित होगा। इस अवसर पर अल्पसंख्यक समुदाय के लिए एक हॉस्टल का भी उद्घाटन किया गया। उल्लेखनीय है अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष का पद भी फंसा हुआ था। यह मामला हाईकोर्ट में था, लेकिन इसको आपसी सहमति से हल कर लिया गया, इसके बाद अध्यक्ष ने पदभार ग्रहण किया है।

### बीरगांव में लगा समाधान शिविर



**रायपुर।** सुशासन तिहार के तीसरे चरण में गुरुवार को नगर निगम बीरगांव में समाधान शिविर लगाया गया, जिसमें लोगों के स्वच्छता, स्थापना एवं राजस्व, पेयजल, विद्युत, आवास और अन्य विभागों से संबंधित आवेदनों का निराकरण किया गया। शिविर में राशन कार्ड, श्रम कार्ड, आयुष्मान कार्ड भी मौके पर वितरित किए गए। शिविर में विधायक मोतीलाल साहू शामिल हुए और विभिन्न विभागों के स्टॉल का अवलोकन किया। शिविर में जिला पंचायत तथा जनपद पंचायत के जनप्रतिनिधि एवं नगर निगम आयुक्त युगल किशोर उर्वशा सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कुम्हारी टोल प्लाजा बंद कराने सांसदों को पत्र

**रायपुर।** पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने भारतीय जनता पार्टी के 10 सांसदों को कुम्हारी टोल प्लाजा को लेकर पत्र प्रेषित किया। श्री उपाध्याय ने बताया, छत्तीसगढ़ के दो महत्वपूर्ण शहर रायपुर और दुर्ग के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक एनएच संख्या, 06 पर स्थित कुम्हारी टोल प्लाजा, जिला दुर्ग, छत्तीसगढ़ में टोल वसूली जून 2006 से शुरू की गई। संबंधित ठेकेदार ने इस टोल वसूली को शर्तों के अनुसार 2015 तक जारी रखा, और 2015 के बाद 2020 तक कंसेशन रेट में टोल वसूला। अब नियम के अनुसार टोल वसूली की समयसीमा खत्म हो चुकी है लेकिन उसके बावजूद टोल वसूल कर रायपुर और दुर्ग की जनता पर अतिरिक्त भार डाला जा रहा है। नियम और शर्तों के अनुसार अधिकृत तिथि 02.03.2015 को टोल वसूली समाप्त किया जाना था, लेकिन विभाग द्वारा 40 प्रतिशत बढ़ाकर इसे 16.08.2020 तक वसूली की गई। किन्तु इसके बावजूद उक्त टोल प्लाजा में अभी तक अनाधिकृत रूप से टोल शुल्क की वसूली की जा रही है, जो नियमों और सरकारी दिशा-निर्देशों का घोर उल्लंघन है।



### बचे धान की नीलामी जल्दी करने खाद्य विभाग ने मिलरों के साथ की बैठक

**रायपुर।** रायपुर जिले में बचे हुए धान की बिक्री जल्द से जल्द हो। इसके लिए जिला खाद्य अधिकारी भूपेंद्र मिश्रा ने मिलरों के साथ बैठक की। रेडक्रास भवन में आयोजित इस बैठक में उन्होंने मिलरों को धान की नीलामी प्रक्रिया में ज्यादा से ज्यादा भाग लेने के लिए प्रेरित किया। हालांकि इस दौरान मिलरों ने वर्ष 2023-24 के भुगतान राशि में समायोजन करने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि जिले में लगभग 3889 क्विंटल धान शेष बचा है। शासन ने बचे धान की नीलामी का फैसला लिया है। इसके तहत मोटा धान 1900-1950 रुपए और पतला 2050-2100 रुपए निर्धारित किया है। इसी कीमत पर धान की नीलामी होनी है। बैठक में जिला विपणन विभाग के डीएमओ जसबीर बघेल, नागरिक आपूर्ति निगम के अधिकारी भी मौजूद रहे।

# पोलावरम परियोजना को लेकर प्रधानमंत्री लेंगे छत्तीसगढ़ सहित चार राज्यों के मुख्यमंत्रियों की बैठक

## 28 को होने वाली उच्चस्तरीय बैठक में खोजा जाएगा समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पोलावरम परियोजना को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 मई को एक उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता करेंगे। यह पहली बार होगा, जब प्रधानमंत्री इस राष्ट्रीय परियोजना को लेकर सीधे चार राज्यों ओडिशा, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक करेंगे। बैठक का उद्देश्य भूमि डूब, आदिवासी विस्थापन और पुनर्वास से जुड़े बढ़ते अंतर-राज्यीय तनावों के बीच सर्वमान्य समाधान खोजना है।

सूत्रों के मुताबिक, प्रधानमंत्री मोदी की सीधी भागीदारी इस गतिरोध को तोड़ने की दिशा में निर्णायक साबित हो सकती है। बैठक में चारों राज्यों के मुख्यमंत्री, उनके जल संसाधन मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहेंगे। साथ ही केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय, केंद्रीय जल आयोग और पोलावरम परियोजना प्राधिकरण के शीर्ष अधिकारी भी बैठक में भाग लेंगे। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को उम्मीद है कि प्रधानमंत्री की इस पहल से अंतर-राज्यीय मतभेद दूर होंगे और परियोजना के कार्य में तेजी आएगी, जो बार-बार बाधित हो रहा है।

### परियोजना से प्रभावित होगी आदिवासी आबादी

पोलावरम परियोजना को आंध्रप्रदेश के विभाजन के समय राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा दिया गया था। हालांकि, परियोजना के निर्माण से ओडिशा, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना की सीमावर्ती आदिवासी आबादी प्रभावित हो रही है। बस्तर संभाग के बीजापुर और सुकमा जिले के लगभग 25 गांव डूब में आएंगे। बताया जाता है कि यहां की हजारों हेक्टेयर कृषि जमीन भी डूब में आएगी। ओडिशा और छत्तीसगढ़ का आरोप है कि परियोजना से कई गांवों में जल डूब की स्थिति उत्पन्न होगी, जिससे आदिवासी परिवारों का विस्थापन होगा। इस विषय को लेकर इन राज्यों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिकाएं भी दायर कर रखी हैं।



### अब तक नहीं बन सकी सहमति

वरिष्ठ अधिकारियों के स्तर पर कई दौर की बैठकें हो चुकी हैं, लेकिन कोई हल नहीं निकल पाया है। आंध्रप्रदेश सरकार ने प्रभावित गांवों के पास सुरक्षात्मक तटबंध बनाने का प्रस्ताव दिया था, लेकिन ओडिशा और छत्तीसगढ़ पुनर्वास और भूमि अधिग्रहण की पुख्ता प्रक्रिया की मांग पर अड़े हुए हैं।

### आंध्र में एनडीए सरकार बनने के बाद कार्य में आई तेजी

आंध्रप्रदेश में एनडीए सरकार के दोबारा सत्ता में आने के बाद पोलावरम परियोजना के कार्य में फिर से गति आई है। ऐसे में केंद्र सरकार इस राष्ट्रीय परियोजना को तय समय सीमा में पूरा करने के लिए राजनीतिक और प्रशासनिक स्तर पर ठोस प्रयास कर रही है। अब देखना यह होगा कि प्रधानमंत्री की यह पहल चारों राज्यों को एकजुट कर पाती है या नहीं, क्योंकि इस परियोजना का भविष्य काफी हद तक इस बैठक के परिणामों पर निर्भर करेगा।

## सुनवाई भी प्रभावित : लंबित मामलों की बढ़ती जा रही संख्या

# आयोगों का हाल, एससी में 7 और एसटी में चार माह से एक भी ऑर्डर जारी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में रहने वाले अनूसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति और अन्य पिछड़ा वर्ग की जाति के लोगों के साथ महिला वर्ग को न्याय दिलाने के लिए अलग-अलग आयोग खुले हुए हैं। इन आयोग का दरवाजा ज्यादातर ऐसे लोग खटखटाते हैं, जो कोर्ट में केस दर्ज करने पर होने वाला खर्च वहन नहीं कर पाते या फिर कई सालों तक केस चलने के कारण कोर्ट का चक्कर लगाना नहीं चाहते।

ये लोग इस उम्मीद से आयोग की शरण में जाते हैं कि उन्हें जल्दी न्याय मिले, लेकिन करीब सालभर से राज्य के कई आयोग की यह स्थिति है कि ना ही ठीक से सुनवाई हो पा रही है और न ही पक्षकारों को न्याय मिल पा रहा है, जिसके कारण आयोग में ना केवल लंबित प्रकरणों की सूची लगातार बढ़ रही है, बल्कि सुनवाई पूरी होने के बाद आर्डर तक जारी नहीं हो पा रहे हैं। सूत्र के अनुसार अनुसूचित जाति आयोग में पिछले करीब 7 माह से एक भी पक्षकार के पक्ष में आर्डर जारी नहीं हुआ है, वहीं अनुसूचित जनजाति आयोग में भी करीब 4 माह से कोई ऑर्डर जारी नहीं हुआ है। इसका कारण इन आयोग में अध्यक्ष के रिक्त पद हैं। तत्कालीन कांग्रेस के शासनकाल में इन सभी आयोग में कांग्रेस नेताओं को अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित सदस्यों के पद पर नियुक्त किया गया था। विधानसभा चुनाव के बाद राज्य में भाजपा की सरकार आने के बाद सभी आयोग सहित निगम मंडलों में नई नियुक्ति की तैयारी शासन स्तर पर की जा रही थी। इसे लेकर आदेश भी जारी हुआ था, जबकि कई पदाधिकारियों का कार्यकाल ही समाप्त नहीं हुआ था। इसे देखते हुए कुछ आयोग के अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों द्वारा हाईकोर्ट में याचिका भी लगाई गई, जिनमें महिला आयोग की अध्यक्ष डा. किरणमयी नायक के पक्ष में फैसला भी आया। इसके बाद से वह अपना कार्यकाल समाप्त होने तक अध्यक्ष पद पर बनी हुई हैं।




### ओबीसी आयोग में 38 प्रकरण लंबित

छत्तीसगढ़ राज्य अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग में सबसे कम 38 प्रकरण ही लंबित है। इनमें 24 प्रकरण पिछले वर्ष के हैं, वहीं 12 प्रकरण 2023 एवं 1-1 प्रकरण 2020 और 2021 के हैं। ओबीसी आयोग में भाजपा से नाथूराम निषाद को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति के बाद आयोग में लगातार सुनवाई हो रही है तथा आर्डर भी जारी किया जा रहा है।

### एससी आयोग में ढाई सौ से अधिक प्रकरण लंबित

अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष केपी खांडे भी हाईकोर्ट में याचिका लगा रखी है, जिस पर फैसला आना है। बताया जा रहा है कि केपी खंडे को याचिका लगाए लगभग 3 से 4 माह हो चुका हैं, लेकिन वे करीब 7 माह से आयोग जाना ही छोड़ दिए हैं, जिसके कारण आयोग में अब उनकी जगह आयोग के सचिव द्वारा प्रकरणों पर सुनवाई की जा रही है। यह सुनवाई बहुत धीमे गति से की जा रही है, जिसके कारण लंबित प्रकरणों की संख्या बढ़कर ढाई सौ से ज्यादा पहुंच गए हैं। इधर जिन प्रकरणों में सुनवाई पूरी हो चुकी है, उनमें भी बगैर अध्यक्ष के पक्षकार के पक्ष में आर्डर जारी नहीं हो पा रहे हैं। इस तरह सुनवाई पूरी होने के बाद भी पक्षकार को न्याय नहीं मिल पा रहा है।

### एसटी आयोग में सबसे ज्यादा प्रकरण लंबित

अनुसूचित जनजाति आयोग में सबसे ज्यादा प्रकरण लंबित है। आयोग कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार लगभग दो हजार प्रकरण यहां लंबित हैं। इनमें करीब दो सौ प्रकरण 8 से 10 साल पुराने हैं, वहीं सैकड़ों प्रकरण 2 से 5 साल के बीच के है। एसटी आयोग में भी पिछले लगभग चार माह से सुनवाई प्रभावित है। आयोग के अध्यक्ष भानुप्रताप सिंह कांग्रेस शासन में नियुक्त किए गए थे। इनका कार्यकाल समाप्त हुए करीब 4 माह हो चुके हैं, लेकिन अब तक आयोग में नए अध्यक्ष की नियुक्ति नहीं की गई है। इसके कारण आयोग में पिछले चार माह से एक भी पक्षकार के पक्ष में आर्डर जारी नहीं हो पाया है, वहीं सुनवाई भी प्रभावित हो रही है। फिलहाल आयोग के नवनियुक्त सचिव पवन नेताम प्रकरणों पर सुनवाई कर रहे हैं।

## भाजपा माना मंडल की तिरंगा यात्रा में मंत्री केदार कश्यप हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता एवं देश की आन, बान और शान, भारतीय सैनिकों के साहस, शौर्य और पराक्रम को नमन करते हुए भाजपा माना मंडल की तिरंगा यात्रा महावीर नगर स्थित अटल उद्यान से प्रारंभ होकर अमलीडीह हनुमान मंदिर तक निकाली गई। तिरंगा यात्रा में प्रदेश के मंत्री केदार कश्यप सहित ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू मुख्य रूप से शामिल हुए।

जिला मीडिया प्रभारी राजकुमार राठी ने बताया, यात्रा में सभी धर्म, जाति, संप्रदाय और सभी वर्गों के लोग भारत माता की जय एवं भारतीय जवान जिंदाबाद के गगनभेदी नारों के साथ हाथ में तिरंगा थामे शामिल हुए। श्री कश्यप ने कहा कि जिस प्रकार बड़ी संख्या में आमजन तिरंगा यात्रा में शामिल हुए हैं इससे एकजुटता, देशभक्ति, सहित राष्ट्रीय गौरव का संदेश दिया जा रहा है। उन्होंने कहा, राष्ट्र की सुरक्षा की जब भी बात आएगी, हम सभी एक हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर ने कहा, हमारे प्रधानमंत्री मोदी की कुशल कूटनीति के कारण पूरे विश्व में भारत का सम्मान बढ़ा है।

तिरंगा यात्रा में प्रमुख रूप से आरडीए अध्यक्ष नंदे साहू, अकबर अली, लीलाधर चंद्राकर, सीमा साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए।

### आईसक्रीम दुकान में गंदगी, जुर्माना

**रायपुर।** जोन 5 क्षेत्र के चंद्रशेखर नगर के बाबी आईसक्रीम सेंटर में गंदगी की शिकायत मिलने पर जोन कमिश्नर खीरसागर नायक के निर्देश पर टीम ने स्थल का आकस्मिक निरीक्षण किया। स्थल निरीक्षण के दौरान गन्दगी मिली, जनशिकायत सही पायेज जाने पर जोन स्वास्थ्य अधिकारी ने संबंधित आइसक्रीम दुकान के संचालक पर तत्काल 3,000 रूपये का जुर्माना लगाया

# अब ट्रांसफर-पोस्टिंग, प्रमोशन के बाद 10 ई ऑफिस में डाटा होगा अपडेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार के कामकाज में ई-ऑफिस सिस्टम लागू होने के बाद पूर्व से जारी नियम-प्रक्रिया में बदलाव आने वाला है। राज्य में अब किसी अधिकारी कर्मचारी का ट्रांसफर, पोस्टिंग, और प्रमोशन के बाद उनका डाटा ई ऑफिस सिस्टम में अपडेट होगा। यह काम संबंधित अधिकारी-कर्मचारी को कराना होगा। ऐसा नहीं करने पर सामान्य प्रशासन विभाग खुद 10 दिन बाद संबंधित का डाटा नव पदस्थ अधिकारी-कर्मचारी की आईडी में ट्रांसफर कर देगा।

### सरकार ने जारी किया आदेश, ये होगी प्रक्रिया

इस संबंध में सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश जारी किया है। का गया है कि विभाग में परिवर्तन होने पर ई ऑफिस के क्रिएटेड इनबॉक्स में या फाइल रिपोजिटरी में क्लोज्ड फाइल के रूप में मौजूद सभी लेटर, रिसिप्ट




और फाईल को विभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारी को भेजा जाएगा। ई ऑफिस के रीसिव्ड लेटर्स में इंट्रा इआफिस के रूप में प्राप्त सभी पत्रों को डीलिट करके विभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारी को भेजा जाएगा। विभाग से संबंधित ई ऑफिस में उपलब्ध सभी दस्तावेज को हस्तांतरण करने के बाद पदोन्नति, पदस्थापना, भारमुक्ति आदेश का रिसिप्ट बनाकर ई ऑफिस के माध्य से संचालनालय, मैदान कार्यालय में पदस्थ अधिकारी, कर्मचारी अपने विभाग के नोडल अफसर एवं मंत्रालयीन अधिकारी कर्मचारी सामान्य प्रशासन विभाग को ई ऑफिस में अपडेट करने के लिए सूचित करेंगे।

### सरकार ने लिया ये फैसला

इस संबंध में सरकार ने निर्णय लिया है कि स्थानांतरण आदेश के बाद 10 दिनों के पहले ई ऑफिस के सभी दस्तावेज संबंधितों को हस्तांतरण के बाद संचालनालय, मैदानी कार्यालय में पदस्थ अधिकारी कर्मचारी अपने विभाग के नोडल ऑफिस या मंत्रालयीन अधिकारी कर्मचारी सामान्य प्रशासन को ई ऑफिस के माध्यम से सूचित करेंगे।

### अगर सूचित नहीं किया तो ये होगा

सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश में ये भी कहा है कि अधिकारी कर्मचारी द्वारा निर्धारित समयावधि में सूचित नहीं किए जाने पर स्थानांतरण आदेश के 10 कार्यालयीन दिवस के बाद ई ऑफिस आईडी में उपलब्ध सभी लेटर, रिसिप्ट और फाइल नवपदस्थ अधिकारी-कर्मचारी के आईडी में हस्तांतरित कर ई ऑफिस आईडी संशोधन या विलोपन की कार्यवाही नोडल अफसर या सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा की जा सकेगी।

राशि समर्पण पर भी नया नियम

# एक योजना के लिए मिली राशि दूसरी जगह नहीं कर सकते खर्च, वित्त विभाग के दिए निर्देश

## किस मद की राशि के पुनर्विनियोजन की मिल सकती है अनुमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार के वित्त विभाग ने राज्य के सभी सरकारी विभागों के लिए पुनर्विनियोजन और बचतों के समर्पण के लिए नए नियम बनाए हैं। विभाग का कहना है कि इस संबंध में राज्य बनने के समय, उसके अगले साल और अब से 18 साल पहले भी निर्देश दिए गए, लेकिन देखने में आया कि विभाग निर्देशों का पालन नहीं कर रहे हैं।

इस स्थिति को देखते हुए पुराने सभी निर्देशों को खत्म करते हुए नए निर्देश और नियम जारी किए गए हैं। इसमें साफ किया गया कि किस तरह के मद की राशि का दूसरे मद में उपयोग नहीं किया जा सकता। इसके साथ ही विभाग ने बजट में बची राशि के समर्पण को लेकर भी नए नियम जारी किए हैं।

### ऐसे मद जिसमें पुनर्विनियोजन है प्रतिबंधित



वित्त विभाग ने साफ किया है कि ऐसे कौन से मद है जिसमें पुनर्विनियोजन पूरी तरह प्रतिबंधित है। इसमें कहा गया है कि पूंजी अनुभाग से राजस्व अनुभाग में, राजस्व अनुभाग से पूंजी अनुभाग में, मतदेय से भारित, भारित से मतदेय तथा एक मांग संख्या से दूसरी मांग संख्या के अंतर्गत पुनर्विनियोजन नहीं किया जा सकता है। इसके साथ ही केंद्रीय क्षेत्रीय एवं शतप्रतिशत बाह्य सहायता प्राप्त योजनाओं से कोई भी राशि अन्य योजनाओं में पुनर्विनियोजित नहीं की जा सकेगी।

### इस राशि को हाथ नहीं लगाना है

यह भी कहा गया है कि कार्यालय व्यय के स्वीकृत बजट में किए गए प्रावधान बढ़ाने के लिए किसी भी परिस्थिति में पुनर्विनियोजन नहीं किया जा सकेगा। ऐसे व्यय जो राजस्व संग्रहण से संबंधित हैं, उनमें बचत होने पर किसी अन्य व्यय को जो राजस्व प्राप्ति से संबंधित नहीं है पुनर्विनियोजन नहीं हो सकता है। ऐसी कतिपय नई सेवाओं पर जो बजट में विचारित न हों, होने वाले व्यय का पूरा करने के लिए कोई पुनर्विनियोजन नहीं किया जाएगा।

### कहां कर सकते हैं और कैसे ये भी बताया

वित्त विभाग ने अपने इसी निर्देश में ये भी बताया है कि वे मद जिनमें वित्त विभाग की पूर्व अनुमति से ही पुनर्विनियोजन किया जा सकता है। वे मद जिनमें शर्त या सीमा से अधिक पुनर्विनियोजन किया जा सकता है। पुनर्विनियोजन के लिए कैसे प्रस्ताव बनाया जाना है ये भी साफ किया गया है।

### राशि समर्पण कैसे किया जा सकता है

वित्त ने बजट की राशि में बचत राशि के समर्पण के संबंध में नियमों से सभी शासकीय कार्यालयों को अवगत कराया है। इसमें कहा गया है कि समर्पण के प्रस्ताव हर साल 31 मार्च तक स्वीकृत कर ऐसे प्रेषित किया जाए कि वह 30 अप्रैल के पहले महालेखाकार कार्यालय में रिपोर्ट अनुभाग को प्राप्त हो जाए। समर्पण की स्वीकृतियों में आधिक्य या बचत के कारण का स्पष्ट उल्लेख किया जाए। विभाग द्वारा समर्पण के कवरिंग लैटर में समर्पण की राशि तथा मांग संख्या का स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए।

## पेज 9 के शेष...

### गौशाला में लगी...

महासमुंद आदि निकायों में फोन लगाया गया। देखते ही देखते आधा-एक घंटा के अंतराल में सभी जगहों से दमकल वाहन सायरन बजाते हुए पहुंची। पूरी रात आग बुझाने में कोई कसर बाकी नहीं रखा गया। हालांकि जितना जलना था उतना चारा तो स्वाहा हो ही गया। इस आग से फिलहाल धन-जन और पशुधन की हानि नहीं हो पाई अलबत्ता बहुत कुछ चारा जलकर राख हो गया। गनीमत रहा कि आसपास कोई रहवासी न तो घर है और न ही बस्ती।

**गौशाला में मात्र दो माह के लिए चारा का स्टॉक बांकी–** इस घटना में सबसे बड़ी बात यह रही कि गौशाला में रहने वाले स्टॉफ भागवत यादव, तुलसी यादव,दुर्गा निषाद, सोनम निषाद ने जैसे ही आग देखा वैसे ही तेजी के साथ दौड़कर तत्परता दिखाते हुए गौशाला के गेट खोलकर गोधन को बाहर निकाला वर्ना न जाने क्या होता? गौशाला के अध्यक्ष गिरधारी अग्रवाल,संरक्षक मनमोहन अग्रवाल,राजू काबरा ने बताया कि अभी हाल ही में 17 लाख रूपए की लागत से 5 हजार फुट नए शेड का निर्माण किया गया है जिसमें गोधन को रखा जाना था पर वहां केवल चारा ही रखा हुआ था। 17 लाख के निर्माण में 5 लाख रूपए शासन से मिला है बाकी गुप्त दान और जनसहयोग से इस काम को पूरा किया गया है। बताया कि अब इस गौशाला में मात्र दो माह के लिए चारा का स्टॉक अभी है। आग बुझाने में सभी वर्ग के लोग जिसमें हिंदु, मुस्लिम शामिल रहे। वहीं नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, नेता प्रतिपक्ष संध्या राव, उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, समाजसेवी भागचंद बंगानी, मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, सिंटु सौरभ जैन, सुनील बंगानी सहित बड़ी संख्या में मौजूद सभी वर्ग के लोगों का अतुलनीय योगदान रहा। समिति के लोगों ने बताया कि किसी प्रकार का शॉट सर्किट नहीं हुआ है क्योकि वहां बिजली का कनेक्शन ही नहीं है। बहरहाल आग कै से लगी? यह पता नहीं चल पाया।

### स्वास्थ्य केंद्र शोभा...

जिला पंचायत के सदस्य संजय नेताम ने एक सप्ताह पूर्व सुशासन तिहार समाधान शिविर अमलीपदर में इस समस्या से गरियाबंद कलेक्टर श्री उईके को अवगत कराते हुए प्रथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में जनरेटर लगाने की मांग किया था गरियाबंद कलेक्टर ने इस मांग को गंभीरता से लिया और आज शुक्रवार को ग्राम शोभा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में नया जनरेटर पहुंचा दिया गया है जिससे अब यहां मरीजो को रात में इलाज के दौरान परेशानी का सामना नही करना पड़ेगा। जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम ने गरियाबंद कलेक्टर बी एस उईके के प्रति अभार व्यक्त करते हुए बताया कि शोभा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में रात के समय इलाज में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था वनांचल में बसे होने के कारण आए दिनो बिजली के मुख्य लाईन में फाल्ट आने से यहां मरीजो का उपचार रात में टार्च की रौशनी में करना पड़ रहा था जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम ने जनरेटर तत्काल लगाने के लिए गरियाबंद कलेक्टर के प्रति अभार व्यक्त की।

### मलेवा अंचल भाजपा...

जनसेवा को प्राथमिकता देंगे। संगठन की योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाने के लिए काम करेंगे। मलेवा अंचल मंडल के कार्यकारिणी घोषित होने पर समस्त भाजपा कार्यकर्ता लोगों ने बधाई दी है।

### झमाझम बारिश से...

है साथ ही इसके ज्यादा हानि होने की संभावना व्यक्त किया जा रहा है खेतो में धान के करपा भींग गया है जिसके किसान परेशान है वहीं आंधी -तूफान हवा से कई कई एकड़ धान की फसल जमीन में सो गई है जिससे धान सड़ने की संभावना है। मैनपुर नगर सहित क्षेत्र में झमाझम बारिश से वनोपज को भी भारी नुकसान पहुंचेगी और अचानक हुई बारिश से सब्जी दलहन तिलहन के फसलो को भी भारी नुकसान पहुंचा है लगातार बारिश जारी है साथ ही बिजली की आंख मिचौली भी चल रही है और बार बार बिजली बंद होने से लोग परेशान हो गए है।

### त्वरित समाधान ही...

का त्वरित निराकरण किया गया। हिमशिखर गुप्ता ने कहा, समाधान शिविरों का मूल उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं को उनके गांव के पास ही हल करना है। यह राज्य सरकार की जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। शिविर में विशेष रूप से तीन दिव्यांगजनों को मोटराईज़्ड ट्राइसिकल, पांच गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार किट प्रदान की गई। साथ ही, गोदभराई रस्म और दो नवजातों का अन्नप्राशन संस्कार भी किया गया।

### बैंकों सुरक्षा व्यवस्था...

और बैंक मिलकर कैसे किसी अपराधी को पकड़ सकती है। इसके साथ ही किसी भी पीड़ित का पैसा त्वरित वापस कराया जा सकता है। इसे और बेहतर कैसे किया जा सकता है, इस संबंध में भी चर्चा की गई।

**इन बिन्दुओं पर की चर्चा–** बैंक की सुरक्षा के मद्देनजर अलार्म हमेशा चालू रखने तथा समय -समय पर इसे चेक करने, बैंकों में अनिवार्य रूप से गार्ड रखने तथा उनका एवं उनके हथियारों का वेरीफिकेशन कराने। इसके साथ ही बैंकों में लगा फायर सिस्टम नियमित रूप से चालू रखने, बैंक के अंदर व बाहर तथा पार्किंग स्थल सहित बैंक के बाहर रोड को कवर करते हुए पर्याप्त सी.सी.टी.व्ही. कैमरे लगाने तथा सीसीटीव्ही कैमरों को हमेशा चालू हालत में रखने व बैकअप डाटा रखने के विषय में चर्चा किया गया।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य परीक्षा में दिव्यांशी का चयन

**पांडुका।** कन्या पूर्व माध्यमिक शाला पांडुका की कक्षा आठवीं की छात्रा कुमारी दिव्यांशी दीप का चयन राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य परीक्षा में हुआ है। इस सफलता पर पूरा शाला परिवार गौरवान्वित है।



प्रधान पाठक एमएल तारक ने कुमारी दिव्यांशी दीप को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है ,साथ ही इस परीक्षा की तैयारी करवाने के लिए शाला परिवार के शिक्षक साथी श्रीअरुण कुमार साहू, शिक्षिकाएं देवश्री निषाद, गोपेश्वरी साहू, कविता आचार्जी एवं अर्चना शर्मा को भी शुभकामनाएं दी। संकुल समन्वयक संतोष कुमार साहू एवं संकुल प्रभारी प्राचार्य वायआर साहू तथा शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रुद्राणी सेन, उपाध्यक्ष शशि साहू एवं सदस्य गण गुणवंत साहू, संतोष कुमार व्यास आदि ने भी शाला परिवार एवं छात्रा को शुभकामनाएं दी।

### कस्तूरबा विद्यालय में समर कैंप का आयोजन

**महासमुंद।** शासकीय कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय सुनसुनिया में जिला मिशन समन्वयक रेखराज शर्मा एवं सहायक जिला मिशन समन्वयक विद्या साहू के निर्देशानुसार विद्यालय अधीक्षक रक्षा साहू के निर्देशन में विभिन्न प्रकार के ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। 123 छात्राओं को ब्यूटी पार्लर, मेहंदी, केक ,कराते, सिलाई प्रशिक्षण, जुंबा, योगा, डांस क्लास, कंप्यूटर क्लास, कुकिंग क्लासेस, कबाड़ से जुगाड़ खेल प्रशिक्षण, रंगोली प्रशिक्षण, सुलेख प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में विकासखंड स्त्रोत समन्वयक भूपेश्वरी साहू बागबाहरा सीएससी, भूपेंद्र निराला अन्य प्रशिक्षक एवं शिक्षिकाओं का विशिष्ट योगदान रहा।

### माल लोड करने के विवाद पर मारपीट

**रायपुर।** खमतराई थाने में एक इस्पात कंपनी में काम करने वाले कर्मचारी ने वहीं के दो लोगों के खिलाफ ट्रक में माल लोड करने के विवाद पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। जागेश्वर साहू ने दीपक एवं आकाश ठाकुर के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। जागेश्वर ने पुलिस को बताया कि हमाल नहीं आने की वजह से वह अपने साथियों के साथ ट्रक में माल लोड किया था। दूसरे दिन दीपक तथा आकाश जागेश्वर से माल लोड करने के विवाद पर मारपीट की।

### मौसम बदलने से किसानों की बढ़ी चिंता

**नर्रा।** क्षेत्र में तेज धूप व चिपचिपी गर्मी से लोग व्याकुल रहे। बुधवार रात में गरज चमक के साथ अच्छी बारिश हुई। लेकिन, हवा व बारिश के कारण कुछ घंटों के लिए बत्ती गुल रही, जिससे लोग गर्मी से बेहाल रहे। दूसरे दिन आसमान पर बादल छाए रहे। रात में हल्की बारिश हुई। तीसरे दिन भी मौसम ने करवट ली। कहीं पर अच्छी बारिश तो कही बौछारें पड़ी। अभी रबी फसल की कटाई जोरों से चल रहा है। लेकिन, बारिश के कारण धान कटाई प्रभावित रहा। बारिश से फसल को नुकसान होने का डर किसानों सता रहा है। पंचायत सचिव घनश्याम दीवान से मिली जानकारी के अनुसार नर्रा सहकारी समिति में स्थापित वर्षा माप यंत्र में 22. 9 मिलीलीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### शनिवार को भी दफ्तर खोलने की मांग

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ सरकार में पूर्ववर्ती शासनकाल में लागू की गई फाइव डे वीक (पाँच दिवसीय कार्य सप्ताह) प्रणाली को रद्द करने की मांग भाजपा के सक्रिय सदस्य व किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह से की। तुषार साहू ने अपने ज्ञापन में कहां छत्तीसगढ़ में लागू फाइव डे वीक व्यवस्था अब सरकारी कामकाज पर भारी पड़ रही है। सप्ताह में सिर्फ पांच दिन ऑफिस खुलने और राष्ट्रीय व प्रादेशिक छुट्टियों की भरमार से सरकारी दफ्तरों में कामकाज ठप हो रहे है। हालत ये है कि अफसर तो दूर, कर्मचारी और बाबू भी समय पर दफ्तर नहीं पहुंचते। आम जनता दफ्तरों के चक्कर लगाते रहते हैं।

# एक ही पेड़ से ले रहे दोहरी फसल का लाभ, महुआ के बाद उन्ही पेड़ों से टोरी का उत्पादन

## वर्तमान में टोरी 35-40 रुपए किलो में बिक रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

महुआ का पेड एक ऐसा पेड है जिसमे फुल एवं फल के रूप में दो बार नगदी फसल मिलती है वहीं महुआ पेड की हर चीज लोगो के काम आती है जब की इसके पेडो के रख रखाव या रोपण करने की आवश्यकता नही होती महुआ पेड स्वतः किसानों के खेतों एवं जंगलों में इसके पौधे उगते है जिससे ग्रामीणों को दो बार किमती एवं नगदी फसल मिलती है। एक डेढ माह पूर्व इसी महुआ पेड से फूल को ग्रामीणो ने एकत्र किया था अब इसी पेड से ग्रामीण टोरी जो उसका फल है उसे चुन रहे है। महुआ को ग्रामीण क्षेत्र मे पकवान के रूप मे भी प्रयोग करते है साथ ही महुआ शराब बनाने के मुख्य कार्य मे लाया जाता है और इसके फल टोरी से तेल निकलते है यह तेल काफी गुणकारी बताये जाते है इतनी ही नही महुआ पेड का हर भाग उपयोगी है इसके पत्ते से जहा लोग दोना पत्तल बनाते है वही पेड से इमारती लकडी भी प्राप्त करते है आयुर्वेद में भी इसका खासा महत्व है खाज खुजली सहित अनेक चर्म रोग भी इसके छिलके को उबालकर पानी को इलाज के रूप मे उपयोग करते है वही महुआ पेड का दांतुन निरन्तर करने से दांत मजबुत होते है। हरिभूमि की टीम ने दूरस्त वंनांचल क्षेत्र भुतबेड़ा, गोना क्षेत्र में ग्रामीण महिलाओं को वनोपज एकत्र करते देखा और उनसे चर्चा किया तो उन्होने बताया इसी पेड़ से डेढ़ माह पूर्व महुआ का फूल एकत्र किए थे अब इसी पेड़ से टोरी का फल एकत्र कर रहे है वर्तमान में इसकी किमत 35-40 रुपए किलो है और आने वाले दिनों में इसकी किमत बढ़ने की उम्मीद बताई है।



### ग्रामीणों के लिए वरदान हैं वनोपज

ग्रामीण वनांचल क्षेत्र में अधिकांश लोगो की आजीविका वनोपज पर निर्भर रहने वाले ग्रामीण आदिवासी इन दिनों टोरी और चिरौंजी सहित साल बीज के संग्रहण में व्यस्त हैं वनांचल क्षेत्रों में रहने वाले ग्रामीण आदिवासी अपनी आजीविका के लिए ज्यादातर वनों पर ही निर्भर रहते हैं। ग्रामीण हमेशा ही कुछ न कुछ वनोपज का संग्रहण कर जीविकोपार्जन करते हैं। इनमें मुख्य रूप से तेंदूपत्ता, महुआ, टोरी, साल बीज, तुलसा, चिरौंजी, इमली के अलावा तरह-तरह की जड़ी बूटियां एकत्रित कर अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत बनाते है इन दिनों ग्रामीण तेंदूपत्ता के बाद टोरी और चिरौंजी सहित साल बीज के संग्रहण में व्यस्त हैं. तेंदूपत्ता और चिरौंजी का सीजन अंतिम चरण में पहुंच चुका है। ऐसे समय में आंधी और तेज हवा से पेड़ से साल बीज गिरना शुरू हो गया है ग्रामीण सुबह-शाम साल बीज चुनने में व्यस्त हैं जिसे जलाकर और सुखाकर दला जाता है और साफ कर आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के बाद ग्रामीण इसे बिक्री के लिए तैयार करते हैं।

## चार साल बाद भी नगर निगम के नाम पर जमीन नहीं होने पर प्रस्ताव तय नहीं

# पंडरी के पुराने बस स्टैंड की 17 एकड़ बेशकीमती जमीन खाली, रिकार्ड दुरुस्त नहीं करा पाया निगम

## जोन 2 ने कराया था सर्वे, 20 एकड़ में फैली जमीन सर्वे में निकली 17 एकड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पंडरी बस स्टैंड की बेशकीमती जमीन का नगर निगम ने रिकार्ड दुरुस्त नहीं कराया है। यह जमीन राजस्व रिकार्ड में सरकारी जमीन के रूप में दर्ज है। 20 एकड़ क्षेत्र में फैली बेशकीमती जमीन सर्वे में 17 एकड़ निकली। इसमें भी 3 एकड़ जमीन लीज पर है। ऐसे में नगर निगम का राजस्व विभाग पूरी जमीन का सीमांकन कराएगा। नगर निगम के नाम जमीन होने के बाद ही शासन स्तर पर यह तय होगा कि इस जमीन पर किस तरह का प्रोजेक्ट लाया जाए।

दरअसल, चार दशक राजधानी रायपुर के बस स्टैंड के के रूप में सुर्खियों में रहने वाले पंडरी के पुराने बस स्टैंड की जमीन का नगर निगम ने 3 साल पूर्व जोन स्तर पर सर्वे कराया। जोन 2 की टीम द्वारा किए गए सर्वे में पंडरी बस स्टैंड की जमीन 17 एकड़ निकली, इसमें पुराना आरटीओ दफ्तर वाली जगह के साथ डिपो नंबर 1 और डिपो नंबर 2 की जगह शामिल है। सुलभ शौचालय से रैनबसेरा वाली जगह के साथ पुराने बस स्टैंड का खाली पड़ा आरक्षण काउंटर भी बस स्टैंड वाली जगह में शामिल है।



**रिकार्ड दुरुस्त कर पीपीपी मोड पर लाएंगे**

पंडरी के पुराना बसस्टैंड वाली जमीन का रिकार्ड दुरुस्त कराएंगे। यही नहीं, इस जमीन पर नगर निगम पीपीपी मोड पर प्रोजेक्ट लाने के लिए आवश्यक प्रक्रिया पूरी करेगा।

-मीनल चौबे, महापौर नगर निगम रायपुर

### लीज की अवधि खत्म दूसरा पक्ष कोर्ट से हारा

सूत्रों के मुताबिक पंडरी के पुराने बस स्टैंड में नगर निगम द्वारा ट्रैवल्स एजेंसी व अन्य उद्योग समूहों को लीज पर जमीन दी गयी थी। जमीन की लीज अवधि समाप्त हो चुकी है। निगम द्वारा जमीन खाली कराने से पहले दोनों पक्ष कोर्ट में चले गए। इसमें एक मामले में निगम के पक्ष में फैसला आने के बाद उस जमीन को खाली करा लिया गया है। वहीं एक अन्य मामले में कोर्ट ने निगम के पक्ष में फैसला दिया। ऐसे में कोर्ट से हारने के बाद संबंधित पक्ष पर जमीन खाली करने दबाव बनाया जा सकता है। जोन के अधिकारियों का कहना है, 3 एकड़ जमीन इससे मिल सकती है। इस तरह 20 एकड़ जमीन पर एक बड़े प्रोजेक्ट का मार्ग प्रशस्त हो सकता है।

# शीतला माता मंदिर परिसर की नागरिकों ने सफाई की



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

जामगांव मे आपरेशन सिंदूर के सफलता को शीतला माता मंदिर परिसर की नागरिकों ने सफाई की। मोदी के मार्गदर्शन मे पाकिस्तान के 9 ठिकाने तबाह हुए। इस सफलता पर मठ मंदिरों की देश भर मे हो रही है सफाई। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में भारत के तीनों सेनाओ को आतंकवाद खत्म करने एवं आतंकवाद को पनाह देने वाले पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिऐ ऑपरेशन सिंदूर के नाम से एक्शन लिया गया जिससे कि पाकिस्तान में आतंकवाद के 9 अड्डों को समाप्त किया और पाकिस्तान में घर में घुसकर आतंकवाद को सबक सिखाया।इस ऑपरेशन सिंदूर के सफलतम कार्यक्रम में भारत के सभी मठ मंदिरों देशभर में साफ सफाई एवं तिरंगा यात्र का आयोजन किया जा रहा है।इसी कड़ी मे गरियाबंद जिला के फिंगेश्वर मंडल के जामगांव में सफाई कार्यक्रम शीतला माता मंदिर में आयोजित किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी मंडल के महामंत्री मिजून साहू, मंडल उपाध्यक्ष अरुण सिंन्हा, सरपंच प्रतिनिधि हीरो डाहरे, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के मंत्री दशरथ सिंन्हा, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल के अध्यक्ष यशवंत साहू, लालता ध्रुव, मुकेश ध्रुव, नागेश्वर सिंन्हा, महिला कमांडो के नीरा साहू, कौशल्या साहू, सुकांतिन दीवान, देवकी ध्रुव, कुमारी साहू, सरस्वती दीवान, संतोषी साहू, श्याम भाई सेन, धनेश्वरी ध्रुव सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## महिलाओं ने निकाली मशाल यात्रा...



**नवापारा-राजिम।** ऑपरेशन सिंदूर एवं सेना के सम्मान में तर्री से महिलाओं ने मशाल यात्रा निकाली। जिसमें ग्राम पंचायत तर्री की सरपंच लता सिन्हा, जनपद सदस्य वर्षा मिश्रा, तनु मिश्रा, योगिता सिन्हा, धनमती साहू, सरपंच प्रतिनिधि लखन लाल सिन्हा, विवेक पांडे, हर्षा कंसारी सहित बड़ी संख्या में मातृशक्तियां शामिल थी।

# लगातार बारिश से फसल कटाई पर संकट, किसान असमंजस में

**नवापारा-राजिम।** लगता है मानसून अब बहुत ही करीब आ गया है। शाम होते ही रोज आसमान पे बादल छा जाता है और देखते ही देखते बारिश होने लगती है। शुक्रवार को दोपहर में ही बारिश होने लगी। बारिश के होते तक वाहनों के पहिए थम गए और सड़क सूना हो गया। वैसे इस बार 27 मई को मानसून आने का अनुमान है पर लोग यही मानकर चल रहे है कि 15 जून के पहले यह नहीं आने वाली है।





बावजूद किसानी कार्य को जल्दी से समेटने में किसान लग गए है चूंकि इन दिनो खेतों में रबी फसल धान खड़ी हुई है। किसान कटाई के प्रति गंभीर हो गए है। लेकिन परेशानी वाली बात यह है कि पानी गिरने के कारण हार्वेस्टर मशीन खेतो में उतर नही पाता और कटाई के लिए मजदूर भी नहीं मिलता जिसके चलते रबी फसल के लिए किसान अब ऊब रहे है। इस बार वैसे किसानों को काफी परेशानियों का सामना रह-रहकर करना पड़ा है। कभी कीट प्रकोप से तो कभी वोल्टेज की समस्या से। कही-कही तो स्वयं के संसाधन में फसल बोए किसानो का बोर भी जवाब दे गया है। जैसे- तैसे किसान इस बार नुकसान को झेल रहे है इसके साथ ही अब मन में रबी फसल को तौबा करने का विचार आने लगा है।

# 9 छात्रों ने सैनिक स्कूल चयन परीक्षा में मारी बाजी

**पिथौरा (ग्रामीण)।** नगर के 9 बच्चों ने एक बार फिर शिक्षा के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। नगर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान सिंग ट्यूटोरियल के होनहार विद्यार्थियों ने सैनिक स्कूल चयन परीक्षा 2025 में सफलता प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यह सफलता न केवल संस्थान की शिक्षण गुणवत्ता का प्रमाण है, बल्कि यह पूरे पिथौरा के लिए एक गौरव का क्षण है। इस उपलब्धि के पीछे सतपाल सिंग गिल हैं, जो पिछले तीन वर्षों से सिंग ट्यूटोरियल के माध्यम से विद्यार्थियों को सैनिक स्कूल समेत अन्य प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के लिए मार्गदर्शन दे रहे हैं। उनकी अथक मेहनत और अनुभव का ही परिणाम है कि अब तक 80 से अधिक छात्र विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों में चयनित हो चुके हैं। वहीं इस वर्ष सैनिक स्कूल कक्षा 9वीं के लिए छात्र अनिरुद्ध अग्रवाल, अर्नव नामदेव, अनंत सिंह सलूजा, सिद्धांत पटेल कक्षा 6वीं में अवनी सिंघल, दर्शित सिंह, अवनी अग्रवाल, समृद्धि ठाकुर, राजीव साहू का चयन हुआ है। सतपाल सिंग गिल ने कहा कि यह सफलता हमारे विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अभिभावकों के भरोसे और हमारी टीम के समर्पित प्रयासों का फल है।

# समस्याओं का जल्द किया जाएगा निराकरण : राकेश

**मैनपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग के बोर्ड अध्यक्ष राजेश पाण्डेय गुरूवार को शाम 04 बजे मैनपुर पहुंचे तो भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। लोक निर्माण विश्रामगृह में भाजपा कार्यकर्ताओं से मेल मुलाकात के बाद बोर्ड अध्यक्ष राकेश पाण्डेय सीधे खादी ग्रामोद्योग कार्यालय मैनपुर का निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान खादी ग्रामोद्योग में काम करने वाले महिलाओं ने नया मशीन के साथ ही रूई उपलब्ध कराने की मांग की जिस पर बोर्ड के अध्यक्ष राकेश पाण्डेय ने जल्द ही मैनपुर में कार्यालय का नया भवन के साथ ही मशीन और रूई उपलब्ध कराने की बात कही है। इस दौरान मैनपुर पहुंचे बोर्ड अध्यक्ष को बताया गया तहसील



मुख्यालय मैनपुर स्थित छत्तीसगढ़ खादी ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित छत्तीसगढ़ शासन का उपक्रम खादी उत्पादन केन्द्र मैनपुर मूलभूत समस्याओं से जूझ रहा है शासन द्वारा सन 1984–85 में मैनपुर में खादी उत्पादन केन्द्र का शुभारंभ किया गया है लेकिन आजतक स्वयं का भवन इस कार्यालय को नसीब नहीं हुआ है बेहद जर्जर भवन बहुत पुराना कवेलू वाला मकान में कार्यालय का संचालन किया जा रहा है जिसके खप्पर और लकड़ी मियार काफी जर्जर हो गये है साथ ही यहां सुत खादी के सामाग्री को रखने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खादी बोर्ड अध्यक्ष राकेश पण्डेय ने कहा की यहां जो भी समस्या है उसे जल्द ठीक किया जायेगा। उन्होने यहा खादी ग्रामोद्योग में बनाए जाने वाले कपड़ो की तारीफ की केन्द्र में उपलब्ध वस्त्रों की विवधता, गुणवत्त तथा स्वदेशी उत्पादो की उपलब्धता की सरहाना की। इस मौके पर भाजपा जिला उपध्यक्ष योगेश शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष यादव, पूर्व अध्यक्ष रामदास वैष्णव, युवा मोर्चा अध्यक्ष महेश कश्यप, दीलिप साहू, महिला मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य नंदनी नेताम, सरपंच हनिता नायक, पूर्व सरपंच सरीता ठाकुर, जनपद सदस्य कुमारी बाई पटेल, होमेश्वरी कश्यप, विशेषर सिक्का, पुलस्त शर्मा, सुहागा पाड़े, हेमन्त साहू, नंदकिशोर चौबे, जनक यादव, मनोज निर्मालकर, अजय बघेल, निमेश सिन्हा एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## तीसरे दिन वामन अवतार, राम और कृष्ण कथा बताई

# संतोष से बढ़कर कोई धन नहीं : आचार्य रमाकांत शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

शहर के सुप्रसिद्ध भोलेनाथ श्री नीलकंठ महादेव मंदिर में भागवत कथा के तीसरे दिवस आचार्य डॉ. रमाकांत शर्मा ने बताया कि आत्मदेव ने कहा कि मेरे पास खाने पीने के लिए बहुत कुछ है किंतु मेरे बाद खाने वाला कोई नहीं है अतः मैं दुखी हूं महात्मा ने कहा तुम्हें कोई संतान नहीं है यह तो परमात्मा की कृपा है, पुत्र परिवार में ना हो तो समझ लो ईश्वर ने तुम्हारे ऊपर बड़ी कृपा की, वह तुम्हारे हाथों से ही सब कुछ करना तुम्हारे भाग्य में लिखा है।

इसलिए कोई संतान नहीं है। ईश्वर तुम्हें जिस स्थिति में रखें उसे संतोष मानकर ईश्वर का स्मरण करना चाहिए। एकनाथ महाराज श्री विट्ठल नाथ जी के मंदिर में दर्शन करने जाते थे। पत्नी सहयोगी मिली थी, वह कहते थे मुझे स्त्री का साथ नहीं बल्कि पत्नी के रूप में सत्संग मिले। थोड़ी देर के बाद इस मंदिर में भक्त तुकाराम जी महाराज आए तुकाराम महाराज जी की पत्नी बड़ी कर्कसा थी, किंतु तुकाराम जी ने अपने झगड़ालू पत्नी के लिए भगवान का उपकार माना। कहते थे अच्छी और सुंदर पत्नी दी होती तो सारा दिन उसी के पीछे लगा रहता और फिर मैं आपको भूल जाता।अच्छा ही किया आपने मुझे कर्कश पत्नी दी।



### कृष्ण प्राक्टय उत्सव का किया वर्णन

*एकनाथ जी महाराज को अनुकूल पत्नी मिली उसे उसी में आनंद है तुकाराम जी महाराज को प्रतिकूल पत्नी मिली तो भी आनंद है, दोनों अपनी स्थिति से संतुष्ट हैं और भगवान का उपकार मानते यह तीनों महात्मा अपनी-अपनी स्थिति से संतुष्ट है। आचार्य जी ने कथा प्रसंग के दौरान बताया कि सच्चा वैष्णव वहीं है जो किसी भी परिस्थिति में परमात्मा की कृपा का अनुभव करता है, बड़ा पुण्य है माता-पिता को अपने पुत्र के लिए बड़ी चिंता रहती है। इस प्रकार महाराज जी द्वारा वामन अवतार, श्री राम कथा, श्री कृष्ण प्राक्टय उत्सव के विषय पर विस्तार से बताया। कथा श्रवण के लिए रामविनोद शर्मा, रमेश पहाड़िया, श्रीकांत गुप्ता, श्याम किशोर गुप्ता, डॉ. प्रकाश, डॉ. उमा गुप्ता डॉ. प्रमोद गुप्ता, जयकुमार गुप्ता, पंडित ब्रह्मदत्त शास्त्री, विजयलक्ष्मी शर्मा, विद्या शर्मा, रश्मि शर्मा, आशा शर्मा, आरती गुप्ता, ईशा गुप्ता, हेमलता शर्मा, नीति शर्मा, योगेश शर्मा, श्रुति शर्मा, देवांश पांडे, शिवांश पांडे, रश्मि तिवारी, ललिता पांडे, पिंकी शर्मा, खुशी शर्मा, शिवम गुप्ता, शिवांक गुप्ता, राजेंद्र शर्मा एवं सैकड़ों की संख्या में बढ़ई पारा एवं ब्राह्मण पारा के श्रद्धालु मौजूद थे।*

**न्यायालय तहसीलदार अभनपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**

ग्राम ठेलकाबांधा
रा.प्र.क्र. 202504111100080 अ / 6 अ वर्ष 2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सतीष कुमार अग्रवाल पिता श्री गोपाल अग्रवाल निवासी अंवति विहार रायपुर छ.ग. द्वारा ग्राम ठेलकाबांधा प.ह.नं. 28 तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. में स्थित ख.नं. 1665 रकबा 0.070 हे. भूमि राजस्व अभिलेख सन् 1998-2001 खसरा पांचसाला में आवेदक के पिता स्व. श्री गोपाल के नाम पर दर्ज है। वर्तमान राजस्व अभिलेख एवं ऑनलाईन रिकार्ड में मणिकांत, चित्रकांत, शशिकांत का नाम दर्ज हो गया है जिसे सुधार कर श्री गोपाल के विधिक वारिसान के नाम पर दर्ज किये जाने बाबत अनुविभागीय अधिकारी रा. अभनपुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। जो प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था / समूह को कोई दावा आपत्ति हो तो वे अपना दावा आपत्ति आवेदन इस न्यायालय में नियत पेशी तारीख 26/05/2025 तक न्यायालयीन समय में स्वतः अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर पेश कर सकते है, नियत तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा ।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से आज दिनांक 25/04/2025 को जारी किया गया ।

मुहर

तहसीलदार
अभनपुर

## खबर संक्षेप

### महेश भाजपा मंडल महामंत्री नियुक्त



**मैनपुर।** भाजपा के युवा नेता महेश कश्यप को भाजपा मंडल मैनपुर के महामंत्री नियुक्त किया गया है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, संगठन महामंत्री पवन साय की अनुमति से भाजपा जिला गरियाबंद अध्यक्ष अनील चन्द्राकर की सहमती है। महेश कश्यप को भाजपा मंडल मैनपुर महामंत्री नियुक्त किया गया है। महामंत्री नियुक्त होने पर महेश कश्यप ने कहा की भारतीय जनता पार्टी को मजबूत बनाने के लिए कार्य करूंगा और उन्होने इसके लिए अभार व्यक्त की है।

### छुरा भाजपा मण्डल के महामंत्री बने नारायण



**छुरा।** नवगठित भाजपा मण्डल मलेवांचल के महामंत्री पद पर नारायण सिन्हा को नियुक्त किया गया है। वे भाजपा के सक्रिय एवं कर्मठ कार्यकर्ता हैं, नारायण सिन्हा ने कहा कि उन्हें बचपन से ही भारतीय जनता पार्टी से लगाव रहा है वर्ष 2014 से भारतीय जनता पार्टी के सदस्य के रूप में जुड़े एवं लगातार पार्टी के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रहे हैं। पार्टी ने मुझे महामंत्री पद की जो दायित्व दी है उस पर मैं खरा उतरने की भरपूर प्रयास करूँगा एवं सभी कार्यकर्ताओं के साथ तालमेल बनाकर रखूंगा।

### तूफान में नुकसान का किसानों को दिया जाए मुआवजा : रामकृष्णा



**मैनपुर।** मैनपुर क्षेत्र में लगातार तेज आंधी तुफान ओलावृष्टि के साथ बारिश होने के कारण ग्रीष्मकालिन फसल धान, मुंग, मक्का, दलहन तिलहन को भारी नुकसान हुआ है जिससे किसान परेशान है। किसानों के नुकसान के भरपाई के लिए ब्लाक कांग्रेस कमेटी मैनपुर अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने शासन से मांग किया है कि किसानों को तत्काल अर्थिक सहायता उपब्ध कराई जाए। श्री ध्रुव ने कहा की अचानक हुई बारिश से किसान परेशान हो गए है खेती में सभी पैसा खर्च कर चूके है। किसानों के सामने भारी दिक्कत उत्पन्न हो गई है। वहीं दूसरी ओर कई मकानो को भी क्षति पहुंची है।

### जिले के 307 बच्चें स्पॉन्सरशीप योजना से हो रहे हैं लाभान्वित

**गरियाबंद।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित प्रवर्तकता कार्यक्रम (स्पॉन्सरशीप योजना) के तहत असहाय बच्चे जिनकी माता-पिता की मृत्यु हो चुकी है। को माह मई 2025 में 43 बच्चे एवं कुल 307 बच्चों को प्रतिमाह चार हजार रूपये से स्पॉन्सरशीप योजना के तहत लाभान्वित किया जा रहा है। यह राशि बच्चों को अधिकतम 03 वर्ष अथवा 18 वर्ष पूर्ण होने तक प्रदाय किया जा सकेगा। कलेक्टर बीएस उइके के निर्देशानुसार जिला कार्यक्रम अधिकारी अशोक कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में जिला बाल संरक्षण इकाई मिशन वात्सल्य योजना के अधिकारी-कर्मचारियों की तत्परता एवं सक्रियता से प्रवर्तकता कार्यक्रम का क्रियान्वयन किया जा रहा है।

---

राष्ट्रभक्ति : जिले में निकली भव्य तिरंगा यात्रा, ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर दिखा राष्ट्रभक्ति का जज्बा

# सेना ने सीमा पार जाकर आतंक के गढ़ को ध्वस्त किया : किशोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद






देश की सैन्य सफलता ऑपरेशन सिंदूर की गौरवगाथा को समर्पित तिरंगा यात्रा शुक्रवार को गरियाबंद जिला मुख्यालय में निकाली गई। बारिश की फुहारों के बीच भी सैकड़ों लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारों से वातावरण गुंजायमान कर दिया। यह भव्य यात्रा गायत्री मंदिर से आरंभ होकर बस स्टैंड, तिरंगा चौक, बाजार मार्ग, सुभाष चौक, शीतला मंदिर होते हुए सरस्वती शिशु मंदिर पर संपन्न हुई।

इस मौके पर जिला भाजपा अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने कहा कि "पहलगाम की घटना ने देश को झकझोर दिया है। ऑपरेशन सिंदूर के ज़रिए भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि अब आतंकवाद के प्रति कोई नरमी नहीं बरती जाएगी।" भाजपा प्रदेश मंत्री किशोर महानंद ने कहा कि भारतीय सेना ने सीमा पार जाकर आतंक के गढ़ को ध्वस्त किया है। यह सिर्फ सैन्य विजय नहीं, बल्कि राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है। पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन मांझी ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर आने वाली पीढ़ियों को यह संदेश देगा कि भारत अपनी संप्रभुता से कोई समझौता नहीं करता। पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय ने इसे भारत की राष्ट्रीय अस्मिता, संप्रभुता और सामरिक क्षमता का प्रतीक बताया।

**ये रहे शामिल**

इस यात्रा में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने हिस्सा लिया, जिनमें मंडल अध्यक्ष सुमित पारख, वरिष्ठ नेता बलदेव सिंह हुंदल, जिला मंत्री मिलेश्वरी साहू, नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव, पूर्व अध्यक्ष गफ्फू मेमन, उपाध्यक्ष आसिफ मेमन, सहित अनेक नेता शामिल रहे। सुरेंद्र सोनटेके, चंद्रशेखर साहू, अनूप भोसले, आशीष शर्मा, अजय रोहरा, राधेश्याम सोनवानी, सागर मयाणी, टीकम साहू, लालिमा ठाकुर, शिवांगी चर्तुवेदी, सूरज सिन्हा, रिकेश साहू, हेमंत सिन्हा, जगमोहन पटेल, भोजलाल सिन्हा, संतोष यादव, भगवानों बेहरा, नवीन मांझी, संदीप पाण्डेय, बिंदु सिन्हा, तनु साहू, पुष्पा साहू, रेणुका साहू, विकास रोहरा, वीरेंद्र साहू, खेम सिंह बघेल, प्रकाश सोनी, नूतन देवांगन। तिरंगा यात्रा के जरिए गरियाबंद ने यह संदेश दिया कि जब बात राष्ट्र की सुरक्षा और सम्मान की हो, तो हर नागरिक एकजुट होकर खड़ा है।

---

# सरकार किसानों को क्षतिपूर्ति राशि दे : डॉ. दिलीप



**फिंगेश्वर।** जनपद के सभापति डॉ. दिलीप साहू ने ओला एवं बारिश के चलते धान के फसलों के बर्बाद होने पर किसानों को क्षति पूर्ति की राशि दिलाने ज्ञापन सौंपा है।

फसलों की क्षति को लेकर डॉ. दिलीप साहू ने बताया कि फिंगेश्वर ब्लाक के अंतगर्त अधिकांश कृषक ग्रीष्म कालीन धान के फसल लेते है विगत एक सप्ताह भर से रुक रुक के वर्षा हो रहा। कहीं- कहीं ओलावृष्टि भी हुई है जिससे धान की बाली झड़ने के साथ साथ कटाई पिछड़ गया है। अभी लगातार दो तीन रोज से लगातार वर्षा हो रहा जिससे खेतों में जल भराव के कारण फसल जमीन से एकदम चिपक गया है। बीज अंकुरण एवम सड़ने लगा है जिससे किसान भाईयों को काफी आर्थिक नुकसान हुआ है। हताश परेशान किसान भाइयों के क्षतिग्रस्त फसल के जायजा लेने जनपद सभापति डॉ. दिलीप साहू किसानों के साथ खेत जाकर फसलों का जायजा लिया और किसानों के दर्द को लेकर बहुत गंभीरता के साथ तहसीलदार फिंगेश्वर अंजलि कलको को ब्लाक के सभी ग्रामो के सर्वे करा कर किसानों को 6-4 के तहत क्षति पूर्ति राशि प्रदान कराने ज्ञापन सौंपा गया। उक्त अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता ओमप्रकाश बंछोर एवं किसान उपस्थित थे।

---

# व्यक्तित्व शिविर से युवा हो रहे लाभान्वित



**मुड़ागांव (कोरासी)।** विकासखंड छुरा के ग्राम खड़मा में चंदन सिंह ठाकुर के निवास में बने प्रज्ञा योग केंद्र में चार दिवसीय युवा व्यक्तित्व विकास शिविर में लगभग 80 विद्यार्थी गायत्री परिवार की ओर से आयोजन किया गया है जो 25 मई तक चलेगा। इस शिविर में व्यक्तित्व के आंतरिक एवं बाह्य घटकों को समझाया गया। तनाव प्रबंधन स्वाध्याय, करियर से संबंधित बातों को प्रोजेक्टर के माध्यम से युवाओं को पांच प्रशिक्षकों रोमा साहू, तुलसी साहू, चेतना चौहान, श्री योगेश साहू एवं राजेश देवांगन द्वारा युवाओं को झकझोरने, प्रेरित करने का क्रम प्रभावी तरीके से किया जा रहा है। शिविर में सुबह 5 बजे से 7 बजे तक योग, आसन प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास भी कराया जा रहा है।

शिविर में रसेला, कनसिंघी, छुरा, दुल्ला, अकलवारा, खड़मा, मुड़ा गांव, पाटसिवनी आदि गांवों एवं उसके आसपास के गांवों के युवा लाभान्वित हो रहे हैं।

शिविर के लिए जिला समन्वयक टीकम साहू जिला युवा कार्यकर्ताओं नुकेश साहू, बलराम साहू, कमलेश साहू, पूरण साहू आदि का भी विशेष सहयोग एवं मार्गदर्शन मिल रहा है। श्री चंदन सिंह ठाकुर एवं उनका पूरा परिवार एवं उनके पूरे संसाधन का इस शिविर में उपयोग किया जा रहा है। श्री रामावतार यादव, ठाकुर राम यादव, तुलसी राम साहू, नंद कुमार सिन्हा, उमेंद दीवान, राम लाल पटेल, भुनेश्वर पटेल, महेन्द्र, कामता प्रसाद साहू रोहित सिन्हा, कंवल निषाद, रोहित निर्मलकर, चंद्रकला यादव, निर्मला पटेल मीना यादव, कविता ठाकुर, तनिषा ठाकुर अन्नपूर्णा यादव, रमा यदु, कमला साहू आदि कार्यकर्ताओं का विशेष सहयोग मिल रहा है।

---

# आईसीटी एवं डिजिटल क्लास रुम के लिए प्रशिक्षित हो रहे ब्लॉक के शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा



समग्र शिक्षा रायपुर के आदेशानुसार डीजी दुनिया प्रोजेक्ट छत्तीसगढ़ के अंतर्गत आईसीटी एवं डिजिटल क्लास रुम युक्त विद्यालयों के शिक्षकों का दो-दो दिवसीय प्रशिक्षण आदर्श पूर्व माध्यमिक शाला छुरा में 19 मई से चल रहा है। मास्टर ट्रेनर तरुण कुमार साहू और जिला समन्वयक दुष्यन्त कुमार साहू के मार्गदर्शन में अब तक पूर्व माध्यमिक, हाईस्कूल हायर सेकंड्री के 120 से अधिक शिक्षक प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं प्रशिक्षण में शिक्षकों को बताया जा रहा है कि वे किस प्रकार से अपने विद्यालय को प्राप्त हुए आईसीटी का एवं डिजिटल क्लास रुम का उपयोग कर बच्चों को डिजिटल माध्यम से शिक्षा प्रदान कर सकते है। इसी प्रकार लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम का उपयोग करना साथ ही छात्र शिक्षक आईडी बनाया आनलाइन प्रोजेक्ट मेनेजमेंट सिस्टम में शिकायत दर्ज करना आदि विषयों पर शिक्षकों का प्रशिक्षण कराया जा रहा है इससे ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के विद्यालयों के विद्यार्थियों को समान अवसर मिलेगा। इस योजना से विद्यालयों में छात्र- छात्राओं के बीच डिजिटल अंतर कम होगा। भारत सरकार और छत्तीसगढ़ शासन की इस महती योजना का लाभ आने वाली पीढ़ी को मिलेगा शिक्षक एवं विद्यार्थी दोनों डिजिटल माध्यम से अध्ययन अध्यापन करेंगे।

---

# बिजली हाई स्कूल में सेक्टर स्तरीय समाधान शिविर 26 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर

सुशासन तिहार 2025 का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करना, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करना तथा विकास कार्यों में गति लाने के साथ ही आम जनता, जनप्रतिनिधियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों से सीधा संवाद स्थापित करना है। इसी कड़ी में फिंगेश्वर ब्लाक अन्तर्गत ग्राम पंचायत बिजली हाई स्कूल में 26 मई को सेक्टर स्तरीय समाधान शिविर होंगें। जिसमें वरिष्ठ जनप्रतिनिधि, जिला स्तर उच्च अधिकारी उपस्थित रहेगें।ज्ञशिविर को सफल बनाने सरपंच बिजली पद्मा मोती के साथ अनुविभागीय अधिकारी राजिम, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद फिंगेंश्वर, अतिरिक्त सीओ ज्तोति ढालेन्द्र ने शिविर स्थल का निरीक्षण और पूर्वावलोकन किया। इधर विधायक राजिम रोहित साहू को यह अधिक से अधिक लोग शिविर में लाभान्वित होने के लिए उत्साहित किया है। उन्होंने अपने निवास में मिलने पहुंचे से कहा की सुशासन का उद्देश्य पारदर्शी जवाबदेह, न्याय संगत और नागरिकों के हितों से जुड़ा हुआ शासन बताया। इस अवसर पर एसडीएम महाराणा ने प्राप्त आवेदनों पर गंभीरता से त्वरित निराकरण की दिशा में कार्यवाही की बात कहीं है। अतिरिक्त सीईओ ज्योति ढालेन्द्र ने कहा की इस शिविर में 8821 शिकायत मांग की प्रकरण सर्व विभाग में पंजीकृत हैं। जिसका समाधान किया जायेग।

■ 8821 प्रकरण निराकरण के लिए पंजीकृत

**समाधान शिविर में लाभान्वित पंचायत क्षेत्र**

*बिनौरीछबीला ध्रव, बिजली पद्मा मोती, खुटेरी बेनी शंकर साहू, सिर्रीखुर्द देवेन्द वर्मा, कुण्डेल गज्जू सिन्हा, छुईहा गजेश्वर सिन्हा, चरौदा गजानंद साहू, बोड़की नेतराम सिन्हा, चरभट्ठी राजेन्द्र साहू, बेलर सुमन लेखराम रात्रे, बारूला सुकदेव साहू, पतोरा सुरज भारतीय, गनियारी सरोज भीखम लोहिले, चैतरा गणेनिया रवि साहू में कुल 14 ग्राम पंचायत में 22 गांव के आम जन इस शिविर में शामिल होंगे।*

---



# कुंती साहू को दी गई ट्राइसाइकिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-भेण्डरी

भेण्डरी के हाईस्कूल मैदान में सुशासन तिहार-समाधान शिविर में शासकीय विभागों का स्टॉल लगा जिसमें अफसरो द्वारा लोगों की समस्या का समाधान किया जाता रहा। बताया कि 11 गांव के क्लस्टर में 8235 आवेदन मिला था जिसका निराकरण किया गया। समाज कल्याण विभाग द्वारा कुंती साहू को ट्राइसिकल प्रदान किया गया। वहीं सहकारिता विभाग द्वारा किसानों को बीज वितरण किया गया। पंचायत विभाग द्वारा मनरेगा जांब कार्ड दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद के पूर्व अध्यक्ष श्याम साहू थे। इस अवसर पर जनपद सदस्य राजेश साहू, विनीता साहू, मीना देशमुख, सरपंच राजेश्वरी पटेल, उपसरपंच राधे पटेल, पूर्व सरपंच प्रीतराम देवांगन, पूर्व जनपद सदस्य नीलकंठ सिन्हा, भाजपा मेघा मण्डल अध्यक्ष होरीलाल साहू, सरपंच बुड़ेनी खेमू साहू सहित आसपास गांव के सरपंच मौजूद थे।

---

# समाधान शिविर में चन्द्रशेखर ध्रुव को सौंपा गया नियुक्ति पत्र



**गरियाबंद।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुसार जिले में अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों का त्वरित निराकरण हो रहा है। इससे दिवंगत शासकीय सेवकों के परिजनों को शासकीय नौकरी का लाभ मिल रहा है। जिला प्रशासन की तत्परता एवं संवेदनशीलता से जिले में अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों के निराकरण के लिए तेजी से कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में आज ग्राम कोचवाय में आयोजित समाधान शिविर में जिले के प्रभारी सचिव हिमशिखर गुप्ता ने ग्राम पंडरीपानी के चन्द्रशेखर ध्रुव को अनुकंपा नियुक्ति का आदेश सौंपा। उन्होंने अनुकंपा नियुक्ति पत्र सौंपकर चन्द्रशेखर को निष्ठा एवं लगन से शासकीय सेवा करने की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। चन्द्रशेखर को ग्राम पंचायत मैनपुर-2 में पंचायत सचिव (कर्मी) के पद पर नियुक्ति दी गई है। चन्द्रशेखर के पिता स्व. तुलस राम ध्रुव का सेवाकाल के दौरान आकस्मिक निधन हो गया था। तत्पश्चात अनुकंपा नियुक्ति हेतु निर्धारित प्रपत्र में उनके पुत्र चन्द्रशेखर द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया। जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक कार्यवाही करते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गरियाबंद द्वारा अनुकंपा नियुक्ति आदेश पत्र जारी किया गया। शासन की पहल और प्रशासन की त्वरित कार्रवाई के द्वारा अनुकंपा नियुक्ति मिलने से चन्द्रशेखर एवं उनके परिजनों ने खुशी जताते हुए राज्य शासन एवं जिला प्रशासन का आभार जताया। अनुकंपा नियुक्ति मिलने के बाद चन्द्रशेखर ने कहा कि राज्य शासन की नीति के तहत त्वरित पहल से नौकरी मिल गई है। जिससे आर्थिक समस्याओं को दूर करने एवं परिवार के पालन पोषण में सहायक होगा। अनुकंपा नियुक्ति पाने वाले अभ्यर्थी ने बताया कि अनुकंपा नियुक्ति मिलने से परिवार के भरण पोषण के लिए चिंतित परिजनों की समस्या दूर हो गई है। साथ ही परिवार के विकास का सहारा मिल गया है। उल्लेखनीय है कि शासन के प्रावधानों के तहत कलेक्टर श्री उइके ने अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों को तेजी से निराकृत करने के निर्देश जिलाधिकारियों दिये हैं। साथ ही समीक्षा बैठक में लंबित प्रकरणों का लगातार समीक्षा भी कर रहे है। इसी के तहत अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों को तेजी से निराकृत किया जा रहा है।

---

कचना ध्रुवा महाविद्यालय में पुरस्कार वितरण के साथ विदाई समारोह आयोजित

# शिक्षा संस्कार और संस्कृति की जननी है : डॉ. दिनेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा



स्थानीय कचना ध्रुवा महाविद्यालय में गत सोमवार को डीएलएड 2024- 25 बैच के छात्रों ने अपने सीनियर्स के लिए भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन और दीप प्रज्वलन से हुई। कार्यक्रम में विशेष रुप से प्राचार्य एन सी साहू शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छुरा, प्राचार्य केके साहू शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक छुरा, प्राचार्य पीके मिश्रा आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल छुरा दिनेश डडसेना शिक्षक आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल छुरा, पवन कुमार भारद्वाज प्रभारी आईटीएस महाविद्यालय गरियाबंद की आतिथ्य में पुरस्कार वितरण कर छात्रप्रध्यापकों को सम्मानित किया गया। संस्था प्रमुख प्राचार्य डॉ.डीके साहू की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य तेजस्वी यादव आमंत्रित रहे। छात्रप्रध्यापकों को संबोधित करते हुए महाविद्यालय प्रबंध समिति के मेंबर तेजस्वी यादव ने कहा कि आपको सही मायने में एक शिक्षक बनना है, न कि शासन के अधीनस्थ पगार लेने वाले कर्मचारी शिक्षक का स्थान समाज में सर्वोच्च है। आपकी ग्रहण किया गया शिक्षा तब सार्थक होगा जब समाज को इसका समुचित लाभ मिले। वहीं एनसी साहू ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि मन के हारने से हार और मन के जीतने से जीत होती है। उन्होंने छात्रों को लगन और निष्ठा के साथ अपनी मंजिल की ओर बढ़ने का संदेश दिया। आत्मानन्द इंग्लिश माध्यम स्कूल के प्राचार्य प्रदीप मिश्रा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों में सांस्कृतिक चेतना जागते है। जूनियर छात्रों का सीनियर छात्रों के प्रति सम्मान भावी पीढ़ियों को अच्छे आचरण सिखाते है।

■ डीएलएड के जूनियर छात्रप्रध्यापकों ने सीनियरों को दी विदाई

**शिक्षा का मूल उद्देश्य, मनुष्य का सर्वांगीण विकास**

वहीं कार्यक्रम को कन्या शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य केके साहू, आईटीएस कॉलेज से पहुंचे डीएलएड प्रभारी पी के भारद्वाज ने भी संबोधित किया। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य डॉ. डीके साहू ने कहा कि शिक्षा का मूल उद्देश्य मनुष्य का सर्वांगीण विकास से है। शिक्षा संस्कार और संस्कृति की जननी है जो शिक्षा आपने ग्रहण किए उससे समाज को नई दिशा देवे उन्होंने कहा कि आपका अग्रिम जीवन सफलताओं के नए आयाम तक पहुंचकर हम सभी को गौरवान्वित करें। कार्यक्रम में प्रशिक्षु छात्राओं ने विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। एवं संस्थान की ओर से प्रतिभागी सभी सीनियर प्रशिक्षुओं को प्रतीक चिन्ह और पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित किए गए। वहीं छात्र प्राध्यापकों द्वारा सभी अतिथियों एवं प्राध्यापकों को साल, श्रीफल एवं संस्थान को स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया।

**छात्राओं ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां**

डीएलएड प्रभारी कैलाश साहू सहायक प्राध्यापक देवेंद्र भारती, प्राध्यापिका आरती साहू ने अपने सभी छात्र प्राध्यापकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बिताए गए पलो को अविस्मरणीय कहा एवं शुभकामनाएं व्यक्त किए। कार्यक्रम में कचना ध्रुवा महाविद्यालय के क्रीड़ा प्रभारी प्राध्यापक टीके निर्मलकर, आरआर कुर्रे, पीके यादव, श्री मति निर्मला यादव, विनोद कुमार यादव, टेमन साहू, धनराज ध्रुव, टिकेश्वर निर्मलकर, हरीराम यादव एवं समस्त छात्र अध्यापक गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रशिक्षु छात्राओं ने विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी।

